प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 23.06.2022

‘‘नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध व्यापार की रोकथाम बाबत् जागरूकता कार्यक्रम’’

श्री नवज्योति गोगोई पुलिस आयुक्त जोधपुर, श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के निर्देशानुसार, श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में आज दिनांक 23.06.2022 को प्रातः 11:00 बजे से 12:30 बजे तक श्री नरपतसिंह उनि प्रशासन मय यातायात शिक्षा टीम द्वारा एसएलबीएस कॉलेज डांगियावास जोधपुर में 06 राज राईफल के एनसीसी कैडेट्स को ‘‘नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध व्यापार की रोकथाम व यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम’’ का आयोजन किया गया।

2. इस क्रम में सांय 06:00 बजे श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, श्री रविन्द्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम, एवं श्रीमती अंशु जैन सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रशासन, श्रीमती अनुश्री पूनिया प्रधान पंचायत समिति केरु, डॉ. दिनेश चौधरी पीएचसी केरु की उपस्थिति में श्री नरपतसिंह उनि प्रशासन मय यातायात शिक्षा टीम श्री खेतसिंह हैडकानि व डूंगरराम कानि. तथा श्री सुरताराम सहायक उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी केरु एवं श्री दीपाराम केरु समाजसेवी के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, केरु में आम नागारिक को ‘‘नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध व्यापार की रोकथाम व यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम’’ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों द्वारा केरू ग्राम के आम नागरिकों को यातायात नियमों एवं नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध व्यापार की रोकथाम बाबत् जागरूकता की जानकारी दी गई। युवाओं एवं बुजुर्गो में नशीले पदार्थों से होने वाली गम्भीर बीमारियों व नुकसानों के बारे में जानकारी दी तथा अवैध व्यापार करने वालों की सुचना पुलिस को देने के बारे में बताया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने,

यातायात नियमों की पालना करने एवं नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई गई।

3. आज दिनांक 23.06.2022 को यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर बुलेट मोटरसाईकिलों में कम्पनी निर्मित साईलेंसर की जगह अनाधिकृत रुप से मोडिफाईड साईलेंसर लगा हुई होने पर जिनका जुर्माना राशि 5000 से 10000 के बीच होता है। मोटरसाईकिल के चालकों के विरुद्व मोटरवाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर आज दिनांक को 12 मोटरसाइकिलें सीज की गई अब तक यातायात पुलिस द्वारा कुल 38 मोटरसाइकिलें सीज की जा चुकी है। अनाधिकृत रुप से मोडिफाईड साईलेंसर को हटाने के बाद वाहन को रिलीज किया जाता हैं।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

यातायात आयुक्तालय जोधपुर

यातायात पुलिस
पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर
"नशे से आजादी पखवाड़ा"
नशा–नरक है, एक समान
परिवार और जिन्दगी को कर देता है तमाम ॥
SLB
HOSPITAL
SLBS PHARMACY COLLEGE
6 RAJ BN NCC
JODHPUR

SLBS
NCC

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केरु
यातायात पुलिस
FEYAZ

राजकीय उच्च माध्यमिक
यातायात शिक्षा एवं
जन जागरुकता कार्यक्रम

यातायात पुलिस, पुलिस कमिश्नरेट
जोधपुर
यातायात शिक्षा एवं
जन जागरुकता कार्यक्रम

TOB
NEWS
ROYAL ENFIELD